सम्राट अशोक अभियांत्रिकीय संस्थान (उपाधि)
विदिशा (म.प्र.)

संदर्भ क्रंमाकःआटो एक्जाम/मुख्य उत्तर पुस्तिका कॉपी प्रिन्ट/2024/1013 दिनांकः– 04.09.2024

निविदा फार्म

विषयः सामग्री पूर्ति हेतू मूल्य सूची/निविदा ।(मुख्य उत्तर पुस्तिका प्रिन्ट कराने हेतु)

महोदय,

निम्नलिखित वस्तुओं की जानकारी/विवरण एवं मुहरबंद मूल्य सूची/निविदा दिनांक 19.09.2024 तक शर्तो सहित आंमत्रित की जाती है।

अनुक्रमाक	विवरण	विशिष्ट निर्देश	परिमाप
(1) नोट–	संस्थान में होने वाली परीक्षा हेतु मुख्य उत्तर पुस्तिका 1. धरोहर राशि छः हजार का रुपये का डी.डी. 'संचालक' एस.ए.टी.आई के नाम से मूल्य सूची के साथ संलग्न करना होगा। 2. चुने हुए प्रदायकर्ता को 500/- रुपये का स्टाम्प पेपर पर शपथ–पत्र देना होगा कि वह निर्धारित संख्या में ही उत्तर पुस्तिका बनायेगा एवं कटी–फटी व अन्य कॉपियॉ पूरी तरह नष्ट कर देगा। भविष्य में कोई लापरवाही पाये जाने पर प्रदायकर्ता के विरुद्ध वैधानिक कार्यवाही की जा सकेगी। 3. छपाई के पूर्व प्रूफ संस्थान से अनुमोदित कराना होगा। 4. कापियो पर दी गई संख्या की नबंरिग करना आवश्यक होगा	साईज :– 22X28.5 सेमी., 70 जी. एस.एम ओरिएन्ट पेपर, दोनो तरफ रुलिंग तथा बायीं तरफ खड़ी लाईन(हॉसिया)ऊपर की ओर भी(हॉसिया),28+4 कवर सहित कवर पृष्ठ बिना रुलिंग, 70 जी.एस. एम ओरिएन्ट पेपर,उपरी कवर नमूना अनुसार,दोनों तरफ छपा हुआ, कवर पर उत्तर पुस्तिका की क्रम संख्या अंकित कर बायी ओर छिद्रो द्वारा संस्था का नाम, बाये किनारे पर ऊपर से नीचे तक सिलाई।	50000 नग (पचास हजार नग) (32 पेज प्रति कॉपी)

सामान्य अनुबंध एवं शर्ते–

1. सभी प्रकार के किराया मुक्त एवं समस्त कर सहित वस्तु की संस्थान में सुपुर्दगी सहित वस्तु का मूल्य दर्शाया जाये।
2. निश्चित आदेश प्राप्त होने के दिनांक से 03 सप्ताह के अंदर सामग्री प्रदान किया जाना आवश्यक होगा।
3. सामग्री अच्छी दशा में प्राप्त होने पर 15 दिनों के अंदर भुगतान किया जायेगा।
4. मूल्य आमत्रंण पर निविदा का जावक क्रमाक, विषय एवं अतिम तिथि सीलड लिफाफे पर लिखी जानी चाहिए।

कृ.पृ.उ

5. सामग्री कोटि (Quality) पूर्ति अथवा अन्य सबंधित विवादास्पद प्रसंगो का अधिकार क्षेत्र विदिशा ही रहेगा।
6. बिना कारण बताये पूर्ण आदेश तथा मूल्य सूची संबधित आदेश के कुछ अंशो को निरस्त करने के समस्त अधिकार अधोहस्ताक्षरकर्ता के पास सुरक्षित रहेगे।
7. समस्त पत्र व्यवहार संचालक के नाम से किया जाये।
8. सामग्री संख्या प्रदाय आदेश में घटाई या बढ़ाई जा सकती है।
9. निविदादाता द्वारा दी गई दरें पैकिंग, फारवर्डिंग,अनलोडिग व्यय के साथ संस्थान में अच्छी हालत में पहुॅचाने सहित हो।
10. मूल्य सूची में पेपर का ब्राण्ड,वजन,साईज,संख्या आदि का स्पष्ट उल्लेख होना आवश्यक है।
11. कापियो की पैकिंग सीरियल क्रंमाक अनुसार 500 नग प्रति कापी के बण्डल बनाकर देना होगा।
12. उत्तर पुस्तिका का सेम्पल संस्थान में कार्यालयीन दिवस एवं समय में संस्था सेन्ट्रल स्टोर अथवा रजिस्ट्रार कार्यालय में आकर देख सकते है।
13. प्रदाय कर्ता अपनी दी हुई दरों पर पारदर्शी सेलो टैप अवश्य लगायें एवं फर्म का जी.एस.टी. नम्बर संलग्न करें।
14. जो विक्रय कर्ता फर्म आदेश की सेवा शर्तो व अनुबन्ध का उल्लंघन करेंगे उनकी धरोहर राशि राजसात कर ली जावेगी एवं फर्म को ब्लेक लिस्टेड भी किया जा सकता है।
15. निविदा दिनांक 19.09.2024 को दोपहर 2:00 बजे तक जमा की जा सकेगी व उसी दिन सायंकाल 3:00 बजे निदेशक कार्यालय में निविदाकर्ताओं (जो भी उपस्थित हों) के समक्ष खोली जावेगी। सामग्री प्रदाय आदेश प्राप्त होने के बाद तीन सप्ताह में प्रदाय करना आवश्यक होगा।
16. मूल्य सूची के साथ पेपर का सेम्पल भेजना होगा। सेम्पल साथ न होने पर दरों पर विचार नहीं किया जावेगा। स्वीकृत दर व सेम्पल के अनुसार स्टैण्डर्ड क्वालिटी ही स्वीकार की जावेगी।

04/9/24

निदेशक

सम्राट अशोक अभियांत्रिकीय संस्थान

(इंजी.महाविधालय).विदिशा(म.प्र.)

क्रं / से.स्टोर / एक्जाम कॉपी 2024 / दिनाक 04.09.2024

निविदा.सूचना

संस्थान में होने वाली परीक्षा हेतु 50000 नग (पचास हजार नग) मुख्य उत्तर पुस्तिका प्रिन्ट कर क्रय किया जाना है। इच्छुक फर्म / पार्टी टेन्डर फार्म,अनुबंध शर्ते एवं विवरण संस्थान की वेवसाईट **WWW.satiengg.in** से प्राप्त कर सकते है टेन्डर फार्म जमा करने की अंतिम तिथि 19.09.2024 समय दोपहर.2:00 तक रखी गई है।

निदेशक

साईज – 8cmX6Cm=48 Sqcm